'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 3rd Semester Examination, 2022

CC6-HINDI (306)

छायावादोत्तर हिन्दी कविता

Time Allotted: 2 Hours   Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) केदारनाथ अग्रवाल के तीन काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) 'कैदी और कोकिला' शीर्षक पर विचार कीजिए।

(ग) 'समर शेष है' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'सोन मछली' कविता की प्रतीकात्मकता को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'स्वाधीन व्यक्ति' कविता रघुवीर सहाय के किस काव्य-संग्रह में संकलित है ? इसका प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(च) 'तुम्हारे साथ रहकर' कविता सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के किस काव्य-संग्रह में संकलित है ? इस पुस्तक का प्रकाशन कब हुआ था ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) अटका कहाँ स्वराज ? बोल दिल्ली तू क्या कहती है ?
तू रानी बन गयी वेदना जनता क्यों सहती है ?

(ख) तुम्हारी चरण रेखा देखते हैं वे
उन्हें भी देखने का तुम समय पाओ

(ग) वे रोगी होंगे प्रेम जिन्हें अनुभव-रस का कटु प्याला है–
वे मुर्दे होंगे प्रेम जिन्हें सम्मोहनकारी हाला है।

(घ) ये किसी निश्चित नियम, क्रम की सरासर सीढ़ियाँ हैं
पाँव रख कर बढ़ रही जिस पर कि अपनी पीढ़ियाँ हैं
बिना सीढ़ी के बढ़ेंगे तीर के जैसे बढ़ेंगे

(ङ) आज नदी बिल्कुल उदास थी।
सोई थी अपने पानी में,
उसके दर्पण पर–
बादल का वस्त्र पड़ा था।

(च) सिकुड़ गई रग-रग
झुलस गया अंग-अंग
बनाकर ठूँठ छोड़ गय पतझार
उलंग असगुन-सा खड़ा रहा कचनार

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) 'कुआनो नदी' कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

(ख) नागार्जुन को जन कवि कहना कहाँ तक उचित है ? तर्क सम्मत उत्तर दीजिए।

(ग) पठित कविताओं के आधार पर भवानी प्रसाद मिश्र के काव्यगत सौन्दर्य को रेखांकित कीजिए।

(घ) 'मैंने आहुति बनकर देखा' कविता में व्यक्त प्रेम के स्वरूप को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

——×——